प्रसार भारती
भारतीय प्रसारण निगम
आकाशवाणी केन्द्र शिमला
01.06.2024 / प्रादेशिक समाचार / 9:20 बजे

मतदान

प्रदेश में लोकसभा चुनाव और 6 विधानसभा सीटों पर उपचुनाव के लिए आज मतदान शांतिपूर्ण रूप से चल रहा है। मतदान सुबह 7 बजे शुरू हुआ जो शाम 6 बजे तक चलेगा। प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी मनीष गर्ग ने बताया कि राज्य में कुल 57 लाख 11 हज़ार 9 सौ 69 मतदाता पंजीकृत हैं। इनमें से 28 लाख 48 हज़ार 3 सौ 26 पुरूष और 27 लाख 97 हज़ार 2 सौ 18 महिला मतदाता शामिल हैं। वर्ष 2019 में हुए लोकसभा चुनाव से अब तक प्रदेश में मतदाताओं की संख्या में 3 लाख 81 हज़ार 8 सौ 15 की बढ़ौतरी हुई है। 7 वें व अंतिम चरण में हो रहे मतदान के लिए प्रदेश भर में 7 हज़ार 9 सौ 92 केन्द्र स्थापित किए गए हैं। इनमें से 3 सौ 69 मतदान केन्द्रों को संवेदनशील श्रेणी में रखा गया है। प्रदेश में मतदान को देखते हुए सुरक्षा व्यवस्था के भी पुख्ता प्रबंध किए गए हैं।

प्रत्याशी

प्रदेश में आज कुल 62 प्रत्याशियों का भाग्य इलैक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों में बंद हो जाएगा। इनमें से 37 प्रत्याशी लोकसभा चुनाव जबकि 25 उम्मीदवार 6 विधानसभा सीटों पर हो रहे उपचुनाव में अपना भाग्य आजमा रहे हैं। हालांकि राज्य में कई छोटे दलों ने भी अपने प्रत्याशी मैदान में उतारे हैं लेकिन इस बार भी मुख्य मुकाबला भाजपा व कांग्रेस के बीच ही होता दिखाई दे रहा है। हमीरपुर संसदीय क्षेत्र में मुख्य मुकाबला भाजपा प्रत्याशी अनुराग सिंह ठाकुर और कांग्रेस के सतपाल रायजादा के बीच है। कांगड़ा संसदीय क्षेत्र में मुख्य मुकाबला भाजपा के डॉक्टर राजीव भारद्वाज और कांग्रेस के आनंद शर्मा के बीच है। शिमला संसदीय सीट पर भाजपा के सुरेश कश्यप और कांग्रेस के विनोद सुल्तानपुरी आमने सामने है। वहीं मंडी संसदीय सीट पर मुख्य मुकाबला भाजपा उम्मीदवार फिल्म अभिनेत्री कंगना रणौत और कांग्रेस पार्टी के विक्रमादित्य सिंह के बीच है।

विधानसभा उपचुनाव

प्रदेश में 6 विधानसभा सीटों पर लोकसभा चुनाव के साथ ही आज वोट डाले जा रहे है। इनमें लाहौल स्पीति, सुजानपुर, धर्मशाला, कुटलैहड़, गगरेट और बड़सर विधानसभा क्षेत्र शामिल है। धर्मशाला विधानसभा सीट पर मुख्य मुकाबला भाजपा के सुधीर शर्मा और कांग्रेस के देवेन्द्र सिंह जग्गी के बीच हैं। लाहौल स्पीति विधानसभा सीट पर त्रिकोणीय मुकाबला है। इस सीट पर भाजपा ने पूर्व विधायक रवि ठाकुर को अपना प्रत्याशी बनाया है जबकि कांग्रेस की ओर से अनुराधा चुनाव लड़ रही है इसी सीट से पूर्व मंत्री रामलाल मारकंडा निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में चुनाव लड़ रहे हैं। सुजानपुर विधानसभा क्षेत्र में मुख्य मुकाबला भाजपा के राजेन्द्र सिंह राणा और कांग्रेस के रणजीत सिंह राणा के बीच है। ऊना ज़िले की कुटलैहड़ विधानसभा सीट पर भी मुख्य मुकाबला भाजपा के देवेन्द्र कुमार भुट्टो और कांग्रेस के विवेक शर्मा के बीच है।

इसी प्रकार गगरेट विधानसभा सीट पर कांग्रेस ने राकेश कालिया और भाजपा ने चैतन्य शर्मा को उम्मीदवार बनाया है। बड़सर विधानसभा सीट पर मुख्य मुकाबला भाजपा के इंद्रदत्त लखनपाल और कांग्रेस के सुभाष चंद के बीच हो रहा है।

मनीष गर्ग

इस बीच प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी मनीष गर्ग ने सभी मतदाताओं से अपने मताधिकार का प्रयोग करने की अपील की है। मनीष गर्ग ने कहा कि सभी मतदाताओं को लोकतंत्र के इस महापर्व में निर्भीक होकर भाग लेना चाहिए है। उन्होंने कहा कि मतदान केंद्रों पर मतदाताओं की सुविधा के लिए उचित प्रबंध किए गए हैं ।

मतदान केन्द्र

प्रदेशभर में मतदान के लिए स्थापित किए गए 7 हज़ार 9 सौ 92 मतदान केन्द्रों में से एक सौ 95 मतदान केन्द्रों का संचालन सिर्फ महिलाओं द्वारा किया जा रहा है। मतदान प्रक्रिया पूरी करने के लिए इन मतदान केन्द्रों में महिला कर्मचारियों की तैनाती की गई है और सुरक्षा का जिम्मा भी महिला पुलिस कर्मियों का होगा। इसके अलावा 28 मतदान केन्द्र ऐसे हैं जिनका संचालन केवल दिव्यांग मतदान कर्मियों द्वारा ही किया जा रहा है। इसी प्रकार 54 मतदान केन्द्रों के संचालन का ज़िम्मा युवा कर्मियों को सौंपा गया है। चुनाव आयोग ने प्रदेश में 2 सौ 79 मतदान केन्द्रों को आदर्श मतदान केन्द्र घोषित किया है।

एक नजर अखबारों की सुर्खियां पर.....

आज अधिकांश समाचार पत्रों ने लोकसभा चुनाव और विधानसभा की 6 सीटों पर हो रहे उपचुनाव में मतदान से जुड़ी खबर को प्रमुखता दी है। अमर उजाला का शीर्षक है–आज हिमाचल के वोटरों की बारी, आपको तोड़ना है अपना ही रिकॉर्ड। पंजाब केसरी की सुर्खी है–सुबह 7 से सायं 6 बजे तक होगा मतदान। दिव्य हिमाचल के शब्द हैं–हिमाचल आज चुनेगा देश की सरकार। दैनिक जागरण के मुताबिक–विश्व के सबसे ऊंचे मतदान केंद्र टशीगंग में 62 मतदाता डालेंगे वोट। हिमाचल दस्तक व आपका फैसला की एक जैसी सुर्खी है–हिमाचल में लोकसभा की 4 और विधानसभा उपचुनाव की 6 सीटों पर वोटिंग आज।

मौसम पर दैनिक भास्कर का कहना है–आज से 6 जून तक बारिश, 30 से 40 किमी प्रति घंटे की स्पीड से चलेंगी हवाएं।

———————————